अमर उजाला 21/01/2025

लघु नाटिका के माध्यम से मतदान की अपील

अंबाला शहर के हर्बल पार्क में लघु नाटिका प्रस्तुत करते प्रतिभागी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने आयोजित की लघु नाटिका

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी की स्वीप कमेटी द्वारा चुनाव जागरूकता संबंधी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अभियान की शृंख्ला में हर्बल पार्क अंबाला सिटी में लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त व स्वीप अध्यक्षा डॉ. सीमा कंसल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से हर्बल पार्क अंबाला सिटी में आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जनमानस को मतदान के महत्व के बारे में समझाया गया।

डॉ. कृष्ण कुमार पुनिया ने मतदाता जागरूकता पर लघु नाटिका के सफलतापूर्वक आयोजन पर खुशी जाहिर की एवं लोगों से मतदान के प्रति जागरूकता की अपील की। मतदाता जागरूकता से संबंधित जागरूकता अभियान में डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. नियति, प्रियंका ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसमें लगभग 11 छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।